**05**

**उत्तर पश्चिम रेल्वे, जोधपुर**

मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय
उत्तर पश्चिम रेल्वे, जोधपुर

No. 1 AT/Safety/ Div. Safety Drive-05/JU/2024 Dated. 10.07.24

सभी अधिकारी उ.प.रे. जोधपुर मण्डल। सभी स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, यातायात निरीक्षक, संरक्षा सलाहकार, यार्ड मास्टर, वरि.सेक्शन इंजीनियर(रेल पथ), वरि.सेक्शन इंजीनियर(संकेत),वरि.सेक्शन इंजीनियर(दूरसंचार), वरि.सेक्शन इंजीनियर (सवारी व माल), मुख्य लोको निरीक्षक। मुख्य नियंत्रक कंट्रोल, मुख्य नियंत्रक कैरेज, मुख्य नियंत्रक कंट्रोल लोको, मुख्य नियंत्रक (दूरसंचार), मुख्य नियंत्रक (बिजली)। प्रशिक्षक यातायात प्रशिक्षण स्कूल जोधपुर। गार्ड व चालक फ़ाइल जोधपुर, जैसलमेर, मेड़तारोड, बाड़मेर व समदड़ी। प्राचार्य डीजल प्रशिक्षण केंद्र भगत की कोठी।

## मंडल संरक्षा अभियान – 05/2024

**विषय :-** इंजीनियरिंग व यातायात फाटकों के अनुरक्षण के सम्बन्ध में।

मण्डल में विभिन्न फाटकों पर रोड व्हीकल्स के टकराने व बूम के क्षतिग्रस्त होने की घटनाओ में बढ़ोतरी को देखते हुये इंजीनियरिंग व यातायात फाटकों के अनुरक्षण के सम्बन्ध में दिनांक 11.07.24 से 25.07.24 तक मंडल संरक्षा अभियान – 05/2024 चलाया जा रहा है। संरक्षा अभियान के दौरान इंजीनियरिंग व यातायात फाटकों के निरिक्षण के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओ पर विशेष ध्यान दिया जाये।

1. फाटक के दोनों तरफ लगे रेलवे एक्ट बोर्ड व रोड साईन बोर्ड की नियमानुसार उपलब्धता एवं दृष्यता।
2. गेट के दोनों तरफ सड़क , गति अवरोधक गति अवरोधक पर बनी सफ़ेद पट्टी की स्थिति।
3. गेट लिफ्टिंग बेरियर की स्थिति व चेतावनी घंटी / हूटर की कार्यशीलता।
4. फाटक बंद/खोलते समय दोनों तरफ गेट बेरियर व गेट सिग्नल की दृष्यता।
5. प्रोटेक्शन चार्ट व फाटक पर आवश्यक उपकरणों की कार्यशील अवस्था में उपलब्धता।
6. गेटमेन की PME व सक्षमता प्रमाण पत्रों की उपलब्धता व वैद्यता।
7. फाटक पर अंतिम सेन्सस व ओवर हौलिंग की वैद्यता।
8. गेटमेन की संरक्षा संबधी नियमों की जानकारी।
9. गेट लिफ्टिंग बैरियर की ऊचाई, बैरियर की प्रॉपर लॉकिंग, स्टॉप बोर्ड की उपलब्धता व स्थिति तथा फाटक पर प्रकाश की उचित व्यवस्था।
10. फाटक पर GWR की उपलब्धता व फाटक पर धात्विक स्ट्रक्चर की रेल के साथ प्रॉपर बोन्डिंग।
11. फाटक के दोनों तरफ फेन्सिंग / प्रोटेक्शन वाल की उपलब्धता व स्थिति।
12. विद्युतिकृत सेक्शन में फाटक के दोनों तरफ हाईट गेज की उपलब्धता।

संरक्षा अभियान की अनुपालना रिपोर्ट निम्न फार्मेट मे इस कार्यालय को दिनांक 27.07.24 तक अवश्य भिजवाये।

| दिनांक | निरिक्षण कर्ता का पदनाम | समपार फाटक संख्या | पायी गयी कमियाँ | की गयी कार्यवाही | काउंसल किए गए स्टाफ की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**वरि. मण्डल संरक्षा अधिकारी**
**उ.प.रे. जोधपुर**

प्रतिलिपि :- म.रे. प्रबन्धक व अ. म.रे. प्रबन्धक को सादर सूचनार्थ